दिनांक 06.11.2018 को मा0 कुलपति महोदय की अध्यक्षता में समिति कक्ष में विश्वविद्यालय के केन्द्रीय पुस्तकालय हेतु आवंटिव बजट समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त

बैठक मे निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुयें।

1. प्रो0 एन0बी0 सिंह, मा0 कुलपति, हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर।
2. प्रो0 करूणाकर सिंह, प्रति कुलपति, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
3. प्रो0 दीपक श्रीवास्तव, अधिष्ठाता, स्कूल आफ केमिकल टेक्नालॉजी, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
4. प्रो0 राम नरेश, अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
5. प्रो0 आर0के0 शुक्ला, प्रभारी आचार्य, केन्द्रीय पुस्तकालय, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
6. श्री राजेश सिंह, वित्त नियंत्रक, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
7. प्रो0 अरूण मैथानी, प्रभारी, केन्द्रीय भण्डार एवं कय, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
8. प्रो0 मनोज शुक्ला, कुलसचिव, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
9. श्रीमती विभा श्रीवास्तव, कार्यवाहक पुस्तकालयाध्यक्षा, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
10. डा0 विपिन पाण्डेय, कैटालॉगर, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
11. श्री प्रवीन कुमार गौतम, कैटालॉगर, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
12. श्री राम बाबू दूवे, कैटालॉगर, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।

मा0 कुलपति महोदय के स्वागत के साथ बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ हुयी। केन्द्रीय पुस्तकालय में उपलब्ध आवश्यक अवस्थापना सुविधाओं एवं ई–जर्नलस, ई–बुक्स तथा पुस्तकों के सम्बन्ध में बैठक में समस्त उपस्थित सदस्यों से विचार विमर्श उपरान्त निम्न निर्णय लिये गये:

1. निर्माण निगम को केन्द्रीय पुस्तकालय के वातानुकूलन एवं कतिपय सिविल कार्य हेतु स्वीकृत कुल धनराशि के सापेक्ष 50 प्रतिशत धनराशि निर्गत कर दिये जाने के उपरान्त भी कार्य प्रारम्भ न होने पर मा0 कुलपति महोदय द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त किया गया और कुलसचिव से अपेक्षा की गयी कि आगामी 03–04 कार्यदिवसों में वह स्वयं निर्माण निगम के इलेक्ट्रिकल एवं सिविल कार्य से संबंधित अधिकारियों से बैठक निर्धारित कर अतिशीघ्र कार्य प्रारम्भ कराया जाना सुनिश्चित करें।
2. छात्र–छात्राओं द्वारा विभिन्न अवसरों पर केन्द्रीय पुस्तकालय की कार्यावधि बढाये जाने हेतु अनुरोध किया जाता रहा है, जिसके दृष्टिगत केन्द्रीय पुस्तकालय की कार्यावधि आगामी सम–सत्र से प्रातः 9.30 बजे से सायंकाल 7.00 बजे तक किये जाने का निर्णय लिया गया।
3. कार्यवाहक पुस्तकालयाध्यक्षा द्वारा पुस्तकालय में आवश्यक मानव शक्ति के अभाव के सम्बन्ध में उपस्थित सदस्यों को अवगत कराया गया। उक्त पर प्रभारी आचार्य, केन्द्रीय पुस्तकालय से यह अपेक्षा की गयी है कि आगामी सत्र से केन्द्रीय पुस्तकालय में 15 डिग्री धारक (स्नातक प्रशिक्षु) एवं 05 डिप्लोमा धारक (तकनीकी प्रशिक्षु) आवश्यकतानुसार आबद्ध किये जाने का प्रस्ताव आगामी वित्त समिति के विचारार्थ प्रस्तुत करें।
4. पं0 दीन दयाल उपाध्याय योजनान्तर्गत (ए0के0टी0यू0, लखनऊ) विश्वविद्यालय को पुस्तकालय में प्रिंट जर्नल्स/ई–जर्नल्स/ई–पुस्तकें एवं प्रिन्टेड पुस्तकें कय किये जाने हेतु रू0 2.00 करोड स्वीकृत किया गया है जिसमें से रू0 40.00 लाख विश्वविद्यालय को जर्नल्स/ई–जर्नल्स कय हेतु प्राप्त हो चुका है। योजनान्तर्गत शेष धनराशि रू0 1.60 करोड की धनराशि से, विश्वविद्यालय के कतिपय विभागों के प्रत्यायन

के दृष्टिगत, अभातशिप के मानक के अनुसार, पुस्तकों की अल्पता के आलोक में रू0 40.00 लाख के व्यय के सम्बन्ध में मत स्थिर किया गया कि रू0 10 लाख मूल्य की ई–पुस्तकें एवं रू0 30 लाख के प्रिंटेड पुस्तके क्रय किये जाने की कार्यवाही ए0के0टी0यू0 से अनुमोदन प्राप्त करते हुये धनराशि प्राप्ति के उपरान्त प्रारम्भ की जाये। इस क्रम में यह भी सुनिश्चित किया जाये कि विदेशी पुस्तकों के स्थान पर यदि उस पुस्तक का भारतीय संस्करण बाजार में उपलब्ध है तो उसे ही क्रय किया जाये। समस्त भुगतान भारतीय मुद्रा (रूपये) में ही किया जायेगा तथा मूल्य पर छूट भारतीय एवं विदेशी पुस्तकों/जर्नल्स पर अलग–अलग प्राप्त किये जाने का भी निर्णय लिया गया।

प्रभारी, पुस्तकालय से अपेक्षा की गयी कि योजनान्तर्गत शेष धनराशि रू0 1.20 करोड हेतु यदि, आवश्यकता हो तो, पुस्तकालय संबंधी अन्य मदों में धनराशि के पुनः आवंटन का प्रस्ताव प्रस्तुत करें ताकि उसकी स्वीकृति सक्षम स्तर से प्राप्त की जा सके।

5. बैठक में सर्वसम्मति से यह भी निर्णय लिया गया कि एक सक्षम ''एन्टी प्लेग्रेरिज्म साफ्टवेयर'' Turnitin को क्रय कर उसकी उपलब्धता केन्द्रीय पुस्तकालय में केन्द्रीय स्तर पर सुनिश्चित की जाये। प्रभारी, केन्द्रीय पुस्तकालय से अपेक्षा की गयी कि वे इस हेतु तत्काल प्रस्ताव प्रस्तुत करें।

6. केन्द्रीय पुस्तकालय में उपलब्ध पुराने जर्नल्स के डिजटलीकरण के सम्बन्ध में प्रभारी, केन्द्रीय पुस्तकालय से अपेक्षा की गयी कि वे विस्तृत विवरण के साथ अलग से प्रस्ताव प्रस्तुत करें।

7. विभिन्न विभागाध्यक्षों द्वारा ई–जर्नल्स क्रय किये जाने हेतु उपलब्ध करायी गयी सूची को अन्तिम रूप दिये जाने हेतु कुलसचिव से अपेक्षा की गयी कि वे दिनांक 07.12.2018 को सांय 4.00 बजे समस्त विभागाध्यक्षों के साथ मा0 कुलपति महोदय की एक बैठक आहूत करें।

बैठक में हुये उपरोक्त निर्णयों के आदेश कुलसचिव स्तर से निर्गत किये जाने के निर्देश मा0 कुलपति महोदय द्वारा प्रदान किये गये।

बैठक मा0 कुलपति महोदय के प्रति आभार एवं धन्यवाद प्रस्ताव के साथ समाप्त हुयी।

(मनोज कुमार शुक्ला)
कुलसचिव

कार्यालय कुलसचिव
हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय
कानपुर–2

संख्याः 222/कुस0कार्या0/2018 — दिनांकः दिसम्बर 07, 2018

प्रतिलिपि निम्नलिखित के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. समस्त प्रतिभागी, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
2. कुलसचिव, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
3. विशेष कार्याधिकारी, कुलपति महोदय, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।

(मनोज कुमार शुक्ला)
कुलसचिव